Daily Current Affairs

Date : 24 July, 2025

अनुक्रमणिका

क्र. सं.	टॉपिक का नाम
1.	'कृषक सखी/सीआरपी प्रशिक्षण' कार्यक्रम
2.	जगदीप धनखड़
3.	राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025
4.	वित्तीय समावेशन सूचकांक 2025
5.	समाधान पोर्टल
6.	हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025
7.	ग्रेट रुआहा नदी
8.	चोल गंगम झील
9.	देश का पहला हॉर्नबिल संरक्षण केंद्र
10.	बित्रा द्वीप
11.	संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2024
12.	FIVB अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप 2026

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

13.	**न्यूज़ इन शॉर्ट्स** 1. पनडुब्बी रोधी जहाज – अजय 2. दीपक बागला 3. FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025 4. 'शक्तिश्री' कार्यक्रम; ओडिशा 5. दूसरा महिला कबड्डी विश्व कप 2025 6. AI मिशन 2027: गोवा 7. FIDE वर्ल्ड कप की मेजबानी: भारत 8. अशोक स्तंभ की प्रतिकृति का अनावरण : श्रीलंका 9. ऑपरेशन कालनेमि

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

राजस्थान परिदृश्य

'कृषक सखी/सीआरपी प्रशिक्षण' कार्यक्रम

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के अंतर्गत राजस्थान कृषि विभाग द्वारा श्री कर्ण नरेंद्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर में पाँच दिवसीय 'कृषक सखी/सीआरपी प्रशिक्षण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ मुख्य बिंदु :

राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन:

- 25 नवंबर, 2024 को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि और किसान कल्याण मंत्रालय के तहत एक स्टैंडअलोन केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में 'प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन' (NMNF) शुरू करने को स्वीकृति प्रदान की।
- **प्राकृतिक खेती :** एक ऐसी कृषि पद्धति है जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों या अन्य कृत्रिम रसायनों का उपयोग किए बिना खेती की जाती है। इस पद्धति में प्राकृतिक संसाधनों और पारंपरिक कृषि तकनीकों का उपयोग करते हुए भूमि की उर्वरता बनाए रखी जाती है।
- **योजना का उद्देश्य :** देश भर में मिशन मोड में प्राकृतिक खेती और सतत कृषि को बढ़ावा देना तथा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाना।
- **सम्बद्ध मंत्रालय :** कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय।
- इस मिशन के तहत पारंपरिक ज्ञान के माध्यम से किसानों को रसायन मुक्त खेती के रूप में प्राकृतिक खेती करने के लिए जागरूक किया जाएगा, जिसमें स्थानीय पशुधन, एकीकृत प्राकृतिक खेती के तरीके और विविध फसल प्रणाली आदि शामिल होंगे।
- यह मिशन देश की सभी इच्छुक ग्राम पंचायतों के 15 हजार कलस्टरों में लागू किया जाएगा।
- योजना के तहत, कृषि विज्ञान केन्द्रों (KVK), कृषि विश्वविद्यालयों (AU) और कृषि भूमियों पर लगभग 2000 नैचुरल फ़ार्मिंग मॉडल स्थापित किए जाएंगे।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

जगदीप धनखड़

➲ चर्चा में क्यों?

- 21 जुलाई, 2025 को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य संबंधी कारणों का हवाला देते हुए अपने पद से त्याग-पत्र दे दिया।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ मुख्य बिंदु :

- उपराष्ट्रपति ने संविधान के अनुच्छेद 67 (A) के तहत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपना त्याग-पत्र दिया।
- जगदीप धनखड़ का जन्म 18 मई, 1951 को झुंझुनू जिले के किठाना गाँव में एक जाट परिवार में हुआ था।
- **कॉलेज शिक्षा:** महाराजा कॉलेज, जयपुर।
- **LLB (1978-1979) –** राजस्थान विश्वविद्यालय से।
- **वर्ष 2019 -** पश्चिम बंगाल का राज्यपाल नियुक्त किया गया।
- **11 अगस्त, 2022 -** भारत के 14वें उपराष्ट्रपति के रूप में शपथ।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

राष्ट्रीय परिदृश्य

राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025

➲ चर्चा में क्यों?

- **24 जुलाई, 2025 को केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री द्वारा नई दिल्ली में 'राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2025' का अनावरण किया गया।**

➲ मुख्य बिंदु :

- **नीति का प्रारूप : पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश प्रभाकर प्रभु की अध्यक्षता में 48 सदस्यीय राष्ट्रीय स्तरीय समिति ने नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति तैयार की।**

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- **उद्देश्य :**
  - **सहकारिता क्षेत्र को पुनर्जीवित करना और आधुनिक बनाने के साथ-साथ जमीनी स्तर पर एक रोडमैप बनाकर 'सहकार से समृद्धि' के विजन को साकार करना।**
  - **सहकारी संस्थाओं को समावेशी बनाने के साथ-साथ पेशेवर तरीके से प्रबंधन करना।**
  - **रोजगार और आजीविका के अवसर सृजित करना।**
- **यह नीति देश की पहली राष्ट्रीय सहकारिता नीति 2002 को प्रतिस्थापित करेगी।**
- **नई सहकारिता नीति अगले दो दशक यानी 2025 से 2045 तक भारत के सहकारी आंदोलन सशक्त बनाएगी।**

महत्त्वपूर्ण प्रावधान :

- **नई नीति में हर पंचायत में कम से कम एक सहकारी समिति स्थापित करने का लक्ष्य है।**
- **देश की 8.42 लाख सहकारी संस्थाओं को प्रतिस्पर्धी और पारदर्शी बनाकर पेशेवर प्रबंधन को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।**

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

वित्तीय समावेशन सूचकांक 2025

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारतीय रिज़र्व बैंक (RBI) ने वित्तीय समावेशन सूचकांक (FII) का नया संस्करण जारी किया।

➲ मुख्य बिंदु :

- वित्त वर्ष 2025 में सूचकांक की वैल्यू बढ़कर 67.0 हो गई है।
- यह वृद्धि वित्त वर्ष 2024 की वैल्यू 64.2 की तुलना में सभी क्षेत्रों में सुधार का संकेत देती है।
- वृद्धि का मुख्य कारण वित्तीय सेवाओं के उपयोग में वृद्धि और उनकी गुणवत्ता में सुधार है।
- यह सूचकांक दर्शाता है कि देश में वित्तीय समावेशन और वित्तीय साक्षरता के प्रयास सफल हो रहे हैं।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

वित्तीय समावेशन सूचकांक (FII):

- इसे पहली बार वर्ष 2021 में लॉन्च किया गया।
- यह सूचकांक हर वर्ष जुलाई माह में प्रकाशित किया जाता है।
- यह बैंकिंग, निवेश, बीमा, डाक और पेंशन जैसे क्षेत्रों में समावेशन को कवर करता है।
- इसका उद्देश्य भारत में वित्तीय समावेशन की व्यापकता को मापना।
- **सूचकांक रेंज:**
  - **0 वैल्यू का अर्थ है –** पूर्ण वित्तीय बहिष्करण (Excluded)
  - **100 वैल्यू का अर्थ है –** पूर्ण वित्तीय समावेशन (Fully Included)
- **कोई आधार वर्ष नहीं:** यह सूचकांक बिना किसी आधार वर्ष के तैयार किया जाता है।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

समाधान पोर्टल

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, श्रम एवं रोजगार राज्य मंत्री द्वारा लोकसभा में समाधान पोर्टल के संबंध में जानकारी साझा की गई।

➲ मुख्य बिंदु :

- **SAMADHAN :** सॉफ्टवेयर एप्लीकेशन फॉर मॉनिटरिंग एंड डिस्पोजल ऑफ ह्यूमन एंड इंडस्ट्रियल डिस्प्यूट।
- यह पोर्टल श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, भारत सरकार की एक डिजिटल पहल है।
- **शुरुआत :** औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत् औद्योगिक विवाद दर्ज करने के लिए पोर्टल को 17 सितंबर, 2020 को अखिल भारतीय स्तर पर लॉन्च किया गया था।
- **उद्देश्य :** ऑनलाइन दस्तावेजीकरण, केंद्रीकृत निगरानी के माध्यम से प्रणाली को अधिक उपयोगकर्ता-अनुकूल, पारदर्शी और कुशल बनाकर कामगारों, प्रबंधन, ट्रेड यूनियन और अन्य हितधारकों के जीवन को सुचारू बनाना।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य

हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, वैश्विक नागरिकता और निवास सलाहकार फर्म हेनले एंड पार्टनर्स द्वारा 'हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025' प्रकाशित किया गया।

➲ मुख्य बिंदु :

- हेनले पासपोर्ट सूचकांक 2025 में भारत का स्थान 77वाँ हैं, जबकि वर्ष 2024 में यह 85वाँ था।
- अब भारतीय पासपोर्ट रखने वाले लोग 59 देशों में बिना वीज़ा के जा सकते हैं, या फिर उन देशों में पहुंचने के बाद वीज़ा ले सकते हैं।
  - अफ्रीका के 19 देश।
  - एशिया के 18 देश।
  - उत्तरी अमेरिका के 10 देश।
  - ओशिनिया क्षेत्र के 10 देश।
  - दक्षिण अमेरिका का 1 देश।
- **पाकिस्तान की रैंकिंग में सुधार:**
  - पाकिस्तान अब 96वें स्थान पर है।
  - पिछले वर्ष (2024) इसकी रैंकिंग 101वें स्थान पर थी।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

रैंक	देश का नाम
1st	सिंगापुर
2nd	जापान और दक्षिण कोरिया
3rd	डेनमार्क, फिनलैंड, फ्रांस, जर्मनी, आयरलैंड, इटली और स्पेन

- इन देशों के नागरिक 189 देशों में वीज़ा फ्री यात्रा कर सकते हैं।

हेनले पासपोर्ट सूचकांक:

- हेनले पासपोर्ट सूचकांक एक ऐसी सूची (ranking) है जो यह बताती है कि किस देश के पासपोर्ट पर कितने देशों में बिना वीज़ा यात्रा की जा सकती है।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी

ग्रेट रुआहा नदी

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, ग्रेट रुआहा नदी जलवायु परिवर्तन और मानव गतिविधियों के कारण सूखने की स्थिति में पहुँच गई है।

➲ मुख्य बिंदु :

- यह नदी तंजानिया की प्रमुख नदियों में से एक है।
- ग्रेट रुआहा, रुफिजी नदी की एक महत्वपूर्ण सहायक नदी है।
- रुफिजी नदी बेसिन, तंजानिया का सबसे बड़ा नदी तंत्र है।
- ग्रेट रुआहा नदी, रुआहा राष्ट्रीय उद्यान के लिए मुख्य जल स्रोत है।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

चोल गंगम झील

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, तमिलनाडु सरकार ने चोल गंगम झील के जीर्णोद्धार की घोषणा की है।

➲ मुख्य बिंदु :

- इस झील को पोन्नेरी (स्वर्ण) झील के नाम से भी जाना जाता है।
- इसका निर्माण राजेंद्र चोल प्रथम ने गंगईकोंडचोलपुरम में करवाया था।
- गंगईकोंडचोलपुरम, राजेंद्र चोल द्वारा बसाई गई उनकी राजधानी थी।
- यह नगर उनकी उत्तर भारत की विजय यात्रा और गंगा मैदानों पर अधिकार के प्रतीक रूप में स्थापित किया गया था।
- तिरुवालंगाडु ताम्रपत्रों के अनुसार, यह झील 'जल का विजय स्तंभ' थी, जिसे राजेंद्र चोल प्रथम ने बनवाया था।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

देश का पहला हॉर्नबिल संरक्षण केंद्र

➲ चर्चा में क्यों?

- तमिलनाडु सरकार ने हाल ही में कोयंबटूर जिले में स्थित अन्नामलाई टाइगर रिजर्व में देश का पहला हॉर्नबिल संरक्षण उत्कृष्टता केंद्र स्थापित करने की घोषणा की।

➲ मुख्य बिंदु :

- हॉर्नबिल्स, जिन्हें उनकी बीज फैलाने की क्षमता के कारण 'जंगल का किसान' कहा जाता है, वनों के पारिस्थितिक संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
- हालांकि वनोन्मूलन, आवासीय क्षति और जलवायु परिवर्तन के परिणामस्वरूप इनकी प्रजाति खतरे में है।
- नवस्थापित केंद्र पश्चिमी घाट में पाई जाने वाली चार हॉर्नबिल प्रजातियों – द ग्रेट हॉर्नबिल, मालाबार ग्रे हॉर्नबिल, मालाबार पाइड हॉर्नबिल और इंडियन ग्रे हॉर्नबिल के संरक्षण हेतु प्रयास करेगा।

द ग्रेट हॉर्नबिल:

- पश्चिमी घाट व हिमालयी क्षेत्र में पाया जाता है।
- **IUCN संरक्षण स्थिति :** सुभेद्य (Vulnerable)
- **CITES -** परिशिष्ट I में।
- वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची I में।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

मालाबार ग्रे हॉर्नबिल:

- यह मुख्य रूप से पश्चिमी घाट में पाया जाता है।
- **IUCN संरक्षण स्थिति :** सुभेद्य (Vulnerable)

मालाबार पाइड हॉर्नबिल:

- भारत व श्रीलंका के सदाबहार वनों व आर्द्र-पर्णपाती वनों में पाया जाता है।
- **IUCN स्थिति -** संकटापन्न (Endangered)

इंडियन ग्रे हॉर्नबिल:

- हिमालय की तलहटी में पाया जाता है।
- **IUCN स्थिति -** कम चिंता जनक (Least Concern)

❖ फैक्ट्स फॉर प्रीलिम्स:

हॉर्नबिल पक्षी:

- यह बुसेरोटिडे परिवार का पक्षी है, जो एशिया व अफ्रीका के उष्ण व उपोष्ण कटिबंधीय क्षेत्रों में पाया जाता है।
- भारत में इसकी 9 प्रजातियाँ पाई जाती है, जो हिमालय, पूर्वोत्तर व पश्चिमी घाट के साथ-साथ अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में पायी जाती है।
- हॉर्नबिल केरल का राज्य पक्षी है।
- नागालैंड में हॉर्नबिल महोत्सव मनाया जाता है।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

चर्चित स्थान

बित्रा द्वीप

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, भारत सरकार ने बित्रा द्वीप को रक्षा उद्देश्यों के लिए अधिग्रहित करने की प्रक्रिया शुरू की।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ मुख्य बिंदु :

- बित्रा द्वीप लक्षद्वीप का सबसे छोटा बसा हुआ द्वीप है।
- कोच्चि से लगभग 483 किलोमीटर (261 नॉटिकल मील) दूर है।
- यह अमिनीद्वीप उपसमूह का हिस्सा है।
- इसकी लंबाई लगभग 0.57 किलोमीटर और अधिकतम चौड़ाई 0.28 किलोमीटर है।
- यह द्वीप लगभग 45.61 वर्ग किलोमीटर के बड़े लैगून से घिरा हुआ है।
- वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार, बित्रा की जनसंख्या 271 है।
- अधिकांश लोग मत्स्य पालन और नारियल की खेती पर निर्भर हैं।
- यह INS द्वीप्रकाशक (कवरत्ती) और INS जटायु (मिनिकॉय) नौसेना अड्डों को सहारा देगा।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

पुरस्कार एवं सम्मान

संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार 2024

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, वस्त्र मंत्रालय ने हथकरघा क्षेत्र में हथकरघा डिजाइनरों, बुनकरों, विपणक, स्टार्टअप उद्यमों और हथकरघा उत्पादक कंपनियों के असाधारण योगदान हेतु वर्ष 2024 के लिए संत कबीर हथकरघा पुरस्कार और राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार के विजेताओं की घोषणा की।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

➲ मुख्य बिंदु :

- ये पुरस्कार राष्ट्रीय हथकरघा विकास कार्यक्रम (NHDP) के तहत् प्रति वर्ष प्रदान किए जाते हैं।
- वर्ष 2024 में कुल 24 पुरस्कार विजेता ; 5 संत कबीर तथा 19 राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार।
- **वितरण समारोह :** 7 अगस्त, 2025 (11वें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस) को भारत मंडपम में प्रदान किए जायेंगे।
- इन पुरस्कारों का उद्देश्य हथकरघा उद्योग में उत्कृष्टता को सम्मानित करना है तथा ऐसे व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित करना है जिन्होंने शिल्प कौशल, नवाचार और क्षेत्र के विकास में मानक स्थापित किए हैं।

संत कबीर हथकरघा पुरस्कार विजेता :

क्र.सं.	पुरस्कार का नाम	विजेता	राज्य	बुनकर सेवा केंद्र	बुनाई कौशल
1	संत कबीर हथकरघा पुरस्कार (बुनाई)	अरिंद्र मेहर	ओडिशा	भुवनेश्वर	संत कबीर टाई और डाई सिल्क साड़ी
2		राजेंद्र सुदर्शन अंकम	महाराष्ट्र	मुंबई	बुनाई कला
3		लक्का श्रीनिवासुलु	आंध्र प्रदेश	विजयवाड़ा	वेंकटगिरी जामधनी साड़ी
4		अनुराधा कुली	असम	गुवाहाटी	साड़ी (शहतूत, एरी स्पब, मुगा)

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

5	संत कबीर हथकरघा पुरस्कार (विशेष रूप से महिलाएं) (KDC)	मोहम्मद हनीफ अंसारी	उत्तर प्रदेश	वाराणसी	जामदानी रंगकट साड़ी

राष्ट्रीय हथकरघा पुरस्कार :

क्र.म	पुरस्कार	विजेता	बुनकर सेवा केंद्र	राज्य	बुनाई कौशल
1	विशेष रूप से महिलाओं के लिए (KDC)	गीतांजलि मेहर	भुवनेश्वर	ओडिशा	बंधोद्या टाई और डाई सिल्क साड़ी
2		अंगोम अनीता देवी	इम्फाल	मणिपुर	सिल्क इनाफी साड़ी
3	बुनाई के लिए	गोलेखा मेहर	भुवनेश्वर	ओडिशा	सरबंदा डबल इकत सूट साड़ी
4		राजशेखर गोविंदराज	कांचीपुरम	तमिलनाडु	कांचीपुरम सिल्क साड़ी

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

खेल परिदृश्य

FIVB अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप 2026

➲ चर्चा में क्यों?

- हाल ही में, थाईलैंड के नाखोन पाथोम में आयोजित दूसरी एशियन अंडर-16 वॉलीबॉल चैंपियनशिप में भारतीय टीम ने कांस्य पदक जीतकर FIVB अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप 2026 के लिए क्वालीफाई किया।

➲ मुख्य बिंदु :

एशियाई पुरुष अंडर-16 वॉलीबॉल चैंपियनशिप :

- **पदक :**
  - **स्वर्ण पदक –** पाकिस्तान।
  - **रजत पदक –** ईरान।
  - **कांस्य पदक –** भारत (जापान को हराकर)

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- सभी चार सेमीफाइनलिस्ट देशों; भारत, पाकिस्तान, जापान और ईरान ने वर्ष 2026 FIVB वॉलीबॉल बॉयज़ अंडर-17 विश्व चैम्पियनशिप के लिए अर्हता प्राप्त कर ली है।
- भारतीय टीम में राजस्थान के रजत धनखड़ भी शामिल थे।
- पाकिस्तान के 15 वर्षीय आउटसाइड हिटर फैजान उल्लाह को चैंपियनशिप के सबसे मूल्यवान खिलाड़ी के रूप में मान्यता दी गई।

अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दु :

FIVB प्रशासन बोर्ड के अनुसार –

- FIVB वॉलीबॉल गर्ल्स U-17 विश्व चैम्पियनशिप 2026: आयोजन: 5 से 15 अगस्त, 2026 तक सैंटियागो (चिली) में आयोजित की जाएगी।
- FIVB वॉलीबॉल बॉयज U-17 विश्व चैम्पियनशिप 2026: आयोजन: 19 से 29 अगस्त, 2026 तक दोहा (कतर) में आयोजित की जाएगी।
- इन प्रतियोगिताओं का दूसरा संस्करण दोनों देशों की राजधानियों में आयोजित किया जाएगा।
- पहली FIVB वॉलीबॉल अंडर-17 विश्व चैंपियनशिप:
  - **आयोजन:** वर्ष 2024 में आयोजित की गई थी।
  - पेरू के लीमा और बुल्गारिया के सोफिया में क्रमशः गर्ल्स एण्ड बॉयज के लिए उद्घाटन संस्करण आयोजित किए गए थे।
  - चीन की अंडर-17 लड़कियों और इटली के अंडर-17 लड़कों ने ऐतिहासिक खिताब जीते।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

न्यूज़ इन शॉर्ट्स

क्र. सं.	न्यूज़
1.	**पनडुब्बी रोधी जहाज – अजय** ♦ 21 जुलाई, 2025 को गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड (कोलकाता) द्वारा स्वदेशी रूप से निर्मित, एंटी-सबमरीन वॉरफेयर वाले शैलो वाटर क्राफ्ट्स (ASW SWC) श्रृंखला के आठवें और अंतिम जहाज, यार्ड 3034 'अजय' को लॉन्च किया गया। ♦ 77.6 मीटर लंबा और 10.5 मीटर चौड़ा यह युद्धपोत तटीय अभियान, निगरानी और पनडुब्बी युद्ध के लिए महत्त्वपूर्ण है। ♦ यह पतवार पर लगे सोनार और कम आवृत्ति वाले परिवर्तनशील गहराई वाले सोनार (LFVDS) सहित उन्नत सेंसरों से सुसज्जित है। ♦ इसकी हथियार प्रणालियों में अत्याधुनिक टॉरपीडो, पनडुब्बी-रोधी रॉकेट, NSG-30 गन और 12.7 मिमी स्थिर रिमोट नियंत्रित गन (SRCG) शामिल हैं। ♦ **प्रणोदन प्रौद्योगिकी :** डीज़ल पावर और वाटरजेट का संयोजन प्रणाली द्वारा संचालित।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

2.

दीपक बागला

- हाल ही में, दीपक बागला को अटल इनोवेशन मिशन (AIM) का मिशन निदेशक नियुक्त किया गया।
- इससे पहले वे इनवेस्ट इंडिया के प्रबंध निदेशक और सीईओ रह चुके हैं।

अटल इनोवेशन मिशन (AIM) :

- **शुरुआत :** वर्ष 2016 में नीति आयोग द्वारा शुरू किया गया।
- यह छात्रों में समस्या-समाधान की मानसिकता को बढ़ावा देकर और विश्वविद्यालयों और अनुसंधान संस्थानों में उद्यमशीलता पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करके नवाचार और उद्यमशीलता को बढ़ावा देता है।
- **अटल नवाचार मिशन के अंतर्गत प्रमुख कार्यक्रम :**
  - अटल टिंकरिंग लैब
  - अटल न्यू इंडिया
  - अटल इन्क्यूबेशन सेंटर
  - अटल सामुदायिक नवाचार केंद्र
  - मेंटर इंडिया

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

3. FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स 2025

- भारत ने 16 से 27 जुलाई, 2025 तक जर्मनी के बर्लिन में आयोजित FISU वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में बैडमिंटन की मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक जीता।
- यह भारत का वर्ल्ड यूनिवर्सिटी गेम्स में पहला पदक है। भारत ने यह पदक जीता है।
- इसमें 100 से अधिक देशों ने भाग लिया जिससे यह 2025 में दुनिया के सबसे बड़े बहु-खेल आयोजनों में से एक बन गया हैं।
- FISU ग्रीष्मकालीन खेलों में पहली बार, 3×3 व्हीलचेयर बास्केटबॉल कार्यक्रम को शामिल किया गया।

4. 'शक्तिश्री' कार्यक्रम; ओडिशा

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

- ओडिशा सरकार कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शक्तिश्री कार्यक्रम शुरू किया।
- यह योजना राज्य के 16 विश्वविद्यालयों और 730 सरकारी व सहायता प्राप्त कॉलेजों में लागू किया जाएगा।

5. दूसरा महिला कबड्डी विश्व कप 2025

- 3 से 10 अगस्त, 2025 तक हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में दूसरा महिला कबड्डी विश्व कप 2025 का आयोजन किया जाएगा।

6. AI मिशन 2027: गोवा

- हाल ही में, गोवा सरकार ने AI मिशन 2027 लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य शासन और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए GPU क्षमता बढ़ाना है।
- यह एक समावेशी और भविष्य के लिए तैयार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इकोसिस्टम बनाने के लिए एक दूरदर्शी रोडमैप है।
- यह मिशन चार मुख्य स्तंभों पर आधारित होगा - कौशल विकास, स्टार्टअप और कंपनियां, पूंजी, तथा सरकार और बुनियादी ढांचा।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

7. FIDE वर्ल्ड कप की मेजबानी: भारत

- 30 अक्टूबर से 27 नवंबर, 2025 तक भारत, FIDE वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी करेगा।
- यह दूसरी बार है जब भारत विश्व कप की मेज़बानी कर रहा है।
- भारत ने वर्ष 2022 में पहला FIDE विश्व कप शतरंज ओलंपियाड था, जो चेन्नई के पास मामल्लपुरम में सम्पन्न हुआ था।

8. अशोक स्तंभ की प्रतिकृति का अनावरण : श्रीलंका

- 21 जुलाई, 2025 को श्रीलंका के वास्काडुवा शहर में अशोक स्तंभ की प्रतिकृति का अनावरण किया गया।
- इस स्तंभ की आधारशिला 28 जनवरी, 2024 को भारत के द्वारा रखी गई थी।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR

9.

ऑपरेशन कालनेमि

- हाल ही में, उत्तराखंड सरकार ने साधु-संतों का भेष धारण कर ठगी और धोखाधड़ी करने वालों के खिलाफ 'ऑपरेशन कालनेमि' शुरू किया।
- इस अभियान का उद्देश्य सनातन संस्कृति को बदनाम करने वाले छद्म वेषधारियों की पहचान व गिरफ्तारी है।

उत्कर्ष® Jodhpur : JALORI GATE CIRCLE, JODHPUR | Support@utkarsh.com | Call us at : 9829 213 213
Jaipur : NEAR MAHESH NAGAR THANA, GOPALPURA BYPASS ROAD, JAIPUR